हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

11 जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि दी



12 नपा कर्मचारी संघ ने भरी हुंकार, नगर निकायों ...





## शहीदों की याद में मजदूर-कर्मचारी संगठनों ने मई दिवस मनाया

# मानेसर-नोएडा के मजदूरों की रिहाई व 26000 रुपये न्यूनतम वेतन की मांग

- संयुक्त संकल्प सभा कर हांसी गेट, पुराना बस अड्डा होते हुए लघु सचिवालय तक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शिकागों के शहीदों की याद में मजदूर-कर्मचारी संगठनों ने मनाया मई दिवस। मानेसर-नोएडा के औद्योगिक मजदूरों की रिहाई, 26000 रूपये न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग की। सीटू, इंटक, सर्व कर्मचारी संघ व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के संयुक्त आह्वान पर सैकड़ों मजदूर, कर्मचारी व परियोजना कर्मी नेहरू पार्क भिवानी में इक्टठा हुई। नेहरू पार्क भिवानी में संयुक्त संकल्प सभा की गई व हांसी गेट, पुराना बस अड्डा होते हुए लघु सचिवालय तक जोरदार प्रदर्शन किया व अग्निशमन परिसर के सामने प्रदर्शन का समापन किया व आंगनबाडी कर्मियों की मांगो का ज्ञापन मिशन निदेशक के नाम जिला उपायुक्त भिवानी के मार्फत जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र कुमार को सौपा। इस मौके पर सकल्प सभा जलूस की सयुक्त अध्यक्षता भीम सिंह सीटू, सोमबीर जांगड़ा इंटक, सुमेर आर्य सर्व कर्मचारी संघ व नरेश शर्मा रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने किया व मंच संचालन कामरेड अनिल कुमार सीटू ने किया। इस मौके पर मानेसर-नोयडा में गिरफतार श्रमिकों को बिना शर्त रिहा करने व अग्निशमन कर्मीयों की हड़ताल के सर्मथन में प्रस्ताव पास किया गया।

सकल्प सभा व जलूस को सम्बोधित करते हुए मजदूर-कर्मचारी नेताओं ने कहा कि एन.सी.आर के जिलों में मजदूर आन्दोलन को हरियाणा व यूपी की भाजपा सरकार दबाना चाहती हैं। ताबडतोड मंहगाई में मजदूरों का गुजर बसर मुश्किल हो गया हैं। मोदी सरकार ने लेबर कोड लागू करके पूंजीपतियों को मजदूरों के खुले शोषण की छुट दे दी हैं। हरियाणा व यूपी की भाजपा सरकार मजदूर आन्दोलन को बाहरी व असामाजिक तत्वों का नाम लेकर मजदूर आन्दोलन को कुचलने का प्रयास कर रही हैं। सैकड़ों मजदूरों व उनके नेताओं पर संगीन धाराओं में मुकद्मे दर्ज किए जा रहें हैं।

एन.सी.आर के जिलों में औद्योगिक इकाईयों में न्यूनतम वेतन, डबल ओवरटाईम, साप्ताहिक छुटी व अन्य कानूनी अधिकारों को भी लागू नही किया जा रहा हैं। पिछले दिनों मजदूर आन्दोलन के चलते हरियाणा सरकार ने 15200 रूपयें न्यूनतम वेतन की घोषणा की हैं जो महंगाई को देखते हुए बहुत ही नाकाफी हैं।

भ्रष्टाचार का हवाला देकर निर्माण मजदूरों का पोर्टल 10 महीने से बंद हैं। 95 प्रतिशत मजदूरों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया हैं। भाजपा सरकार निर्माण मजदूरों के बोर्ड के पैसे को निर्माण मजदूरों पर खर्च करने की बजाये खुर्द बुर्द करने पर आमादा हैं। भाजपा सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के हाई कोर्ट के फैसले का लागू नही कर रही हैं। पुरानी पैंशन को लागू नही किया जा रहा हैं। मनरेगा को वीबीजीरामजी के बहाने खत्म किया जा रहा हैं। जिसके खिलाफ मजदूर-कर्मचारीयों व परियोजना कर्मीयों में रोष बढ़ रहा हैं। जिसके खिलाफ आगामी समय में बडी एकता बनाकर बड़े आन्दोलन की तैयारी के लिए सकल्प लिया गया।



भिवानी। मजदूर दिवस पर शहर में जुलूस निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### इन्होंने किया संबोधित

आज के सकल्प सभा को सीटू नेता राजबाला शर्मा, किसान सभा नेता का. ओमप्रकाश, इंटक नेता रामोतार खोरड़ा, सर्व कर्मचारी संघ नेता मा. प्रभु सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी नेता मा. वजीर सिंह, अग्निशमन कर्मी नेता राजेश ने सम्बोधित किया। इस मौके पर सीटू नेता सदीक डाडम, सुशीला धिराणा, सुखदेव पालवास, धर्मबीर बामला, विजय मिताथल, महाबीर चांग, आंगनबाडी नेता राजबाला निनान, प्रिया, भवन निर्माण नेता रूबेद्र देवसर, दयाकिशन बडेसरा, कृष्ण बडसी, जनवादी महिला समिति नेता अनुराधा, रेनू शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ नेता अशोक गोयत, पूर्व कर्मचारी नेता सज्जन कुमार सिंगला, आदि भी उपस्थित थे।

## एसकेएस के बैनर तले कर्मचारियों ने तोशाम में मनाया मजदूर दिवस

**तोशाम।** शुक्रवार को तोशाम के शहीद पार्क में एसकेएस के बैनर तले कर्मचारियों ने मजदूर दिवस मनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एसकेएस प्रधान विजयवीर नैन ने की और मंच संचालन राजेश ढुल्हेड़ी ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मजदूर दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर वक्ताओं ने वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग का शोषण करने जिसमें, किसान, मजदूर, कर्मचारी, छात्र, महिलाओं के अधिकारों का शोषण करने का आरोप लगाया और सरकार को चेताया कि समय रहते सरकार समाज विरोधी फैसले लेना बंद करे अन्यथा किसी बड़े संघर्ष के लिए तैयार रहे। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान विनोद माजरा, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रधान संदीप मीरान, बिजली बोर्ड प्रधान कमल सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान अभे राम, पूर्व प्रधान पुरुषोत्तम गोड, नरेश जांगड़ा, रतीभान, राजेश शर्मा, मनोज खरकड़ी, दीपक आदि कर्मचारी नेता मौजूद थे।



तोशाम। कार्यक्रम में उपस्थित मजदूर व अन्य।

## मजदूर दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठन एआईयूटीयूसी के कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को दिनोद गेट स्थित चेतराम प्रजापति धर्मशाला में मजदूरों की सभा की और मई दिवस के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें बाद सभी कार्यकर्ताओं ने दिनोद गेट तक जुलुस निकाला। सभा की अध्यक्षता एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान कॉमरेड धर्मबीर सिंह ने की। सभा का संचालन यूनियन के जिला सचिव राजकुमार बासिया ने किया। सभा के मुख्य वक्ता एआईयूटीयूसी हरियाणा राज्य कमेटी के उपाध्यक्ष कॉमरेड रामफल रहे।

एआईयूटीयूसी हरियाणा राज्य कमेटी उपाध्यक्ष कामरेड रामफल ने बताया कि एक मई का दिन अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के तौर पर सारी दुनिया में मनाया जाता है। 140 साल पहले अमेरिका के शिकागो शहर के मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग पर हड़ताल की थी। इस मांग पर पूरी दुनिया में देश-देश के मजदूर आन्दोलन पर उतर आए थे। अनेक कुर्बानियों के बाद आखिरकार लगभग सभी देशों के पूंजीपतियों व मालिकों को 8 घंटे कार्यदिवस की मांग को स्वीकार करना पड़ा था। सभी देशों की सरकारों ने भी 8 घंटे कार्य दिवस को कानूनी मान्यता देनी पड़ी थी, लेकिन अंग्रेजी शासन से शुरू करके पिछले 150 वर्षों में संघर्षो से हासिल सभी श्रम कानूनों को अब भाजपा की मोदी सरकार ने एक झटके में खत्म कर दिया और मालिकों/सरमायेदारों के स्वार्थ पूर्ति के लिए नए चार लेबर कोड बनाकर श्रमिकों के अनेक हासिल अधिकारों को खत्म कर दिये।





भिवानी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते एआईयूटीयूसी के सदस्य।

- 150 वर्षों में संघर्षों से हासिल श्रम कानूनों को भाजपा सरकार ने एक झटके में किया खत्म : कामरेड

## नगर पालिका के सभी सफाई कर्मियों के साथ मिलकर श्रमिक दिवस मनाया

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा शहीद गुलाब सिंह पार्क में श्रमिक दिवस मनाया गया। श्रमिक दिवस के अवसर पर नपा प्रधान सुंदर अत्री द्वारा सफाई कर्मियों के परिश्रम, समर्पण एवं नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के सच्चे कर्मयोगी हैं, जिनकी मेहनत से नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण प्राप्त होता है। उन्होंने सभी सफाई कर्मियों का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की नगर पालिका सदैव उनके हितों एवं सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि नगर पालिका के सभी सदस्यों के साथ श्रमदान भी किया गया। प्रत्येक सप्ताह वे स्वयं सफाई कर्मचारियों के साथ कस्बे में सफाई अभियान चलाएंगे, जिसमें वार्ड पार्षद एवं कार्यालय सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आम नागरिकों से भी ऐसे अभियानों में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर नगर पार्षद अशोक कुमार, बलराम गुज्जर, प्रदीप कुमार, भरत गुज्जर, सन्नी कुमार, दिलबाग सिंह, अनूप सुनसुना, प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार, लिपिक कपूर सिंह, अजीत सिंह, शिवपाल अकाउंटेंट, सुनील शर्मा एवं संजय मलिक आदि कार्यालय सदस्य मौजूद रहे।

## भिवानी में श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**भिवानी।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिवानी द्वारा समाज कल्याण विभाग व श्रम विभाग के सहयोग से एक प्रभावी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-चेयरमैन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी.आर. चालिया के निर्देशानुसार तथा सीजेएम-सह-सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सीजेएम पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूरों को न्याय दिलाना केवल न्यायालय का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने श्रमिकों से आह्वान किया कि यदि वे किसी भी प्रकार के अन्याय का सामना करते हैं, तो बिना भय के आगे आकर विधिक सहायता प्राप्त करें। न्याय प्रणाली उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि हर मजदूर को न्यूनतम वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल और सम्मानजनक व्यवहार का अधिकार है। किसी भी प्रकार के शोषण के खिलाफ वे कानूनी सहायता ले सकते हैं।

## कर्मचारी और किसान सरकार के खिलाफ गरजे

**लोहारू।** लघु सचिवालय परिसर में चल रहे किसानों के अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के खंड प्रधान डॉ सुरेश भारद्वाज के नेतृत्व में अनेक कर्मचारी और मजदूर एकत्रित हुए। सुरेश भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में मजदूर दिवस मेहनतकशों के संघर्ष, अधिकारों और समाज-निर्माण में उनके योगदान को सम्मानित करने का एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। यह 1886 में शिकागो के हेमार्केट दंगों की याद में मनाया जाता है, जहाँ मजदूरों ने 8 घंटे के कार्यदिवस की मांग के लिए लड़ाई लड़ी थी। यह दिन श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि भारत में मजदूर दिवस पहली बार 1 मई 1923 को मद्रास (चेन्नई) में मनाया गया था। यह दिन याद दिलाता है कि किसी भी देश का विकास उसके श्रमिकों की कड़ी मेहनत पर टिका है। विजय गुरावा, मंदरूप नेहरा, सुमेर गिगनाऊ, मेवा सिंह आर्य भारतीय किसान यूनियन, रामपाल सिंघानी, गुरदयाल ढिगावा शामियान, प्रताप राव कालोद ने मजदूर, किसान वर्ग का सरकार द्वारा किये जा रहे शोषण पर पर सरकार की आलोचना की। इस मौके पर सुरेंद्र राठी बारवास, रणबीर सिंह ढाणी टोडा, धर्मपाल श्योराण फरटिया, सोनू जांगड़ा हरियावास, राकेश गिगनाऊ, उमेद सिंह बूढेड़ा, सतबीर सिंह हरियावास, सुनील सोलंकी पहाड़ी, उमराव सिंह मोरका, मान सिंह सुरपुरा खुर्द, हवा सिंह बलौढा खरखड़ी, नंदलाल दहिया, रणबीर सिंह साहलेवाला, करण सिंह फरटिया आदि उपस्थित रहे।



## श्रमिकों को भेंट किए उपहार, योजनाओं की दी जानकारी

**भिवानी।** मजदूरों के पसीने की हर बूंद देश के निर्माण की नींव रखती है, इसी कृतज्ञता भाव के साथ शुक्रवार को विश्व श्रमिक दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा पर भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा ने सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। राम चौक पर समारोह में भवन निर्माण कामगारों को न केवल सम्मानित किया, बल्कि भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए उन्हें आवश्यक वस्तुएं भी भेंट की। शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के उस वर्ग को सम्मान देना था, जो दिन-रात कड़ी धूप में राष्ट्र के आर्थिक उत्थान में योगदान देता है।

उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। श्रमिकों द्वारा देश की प्रगति में दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए परिषद ने कामगारों को उपवस्त्र भेंट किए हैं, ताकि वे अपना बचाव कर सकें। जगदीश गिरधर ने सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने श्रमिकों से आग्रह किया कि वे इन स्कीमों का पंजीकरण कराएं और लाभ उठाएं ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।

वही प्रांत उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने श्रमिकों को जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रेरित किया। श्रमिक अपने बैंक खातों के माध्यम से बीमा योजनाएं शुरू करवाए, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए नशा न करने का संकल्प लें तथा आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने के लिए बच्चों को अनिवार्य रूप से पढ़ाए।



## माकपा ने मई दिवस पर फहराया झंडा

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला ने मई दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय शहीद भगत सिंह यादगार भवन में लाल झंडा फहराया। पार्टी का झंडा फहराते हुए माकपा जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि पूरी दुनिया में मजदूरों के अधिकारों को बचाने के लिए तथा शोषण हीन समाज बनाने के लिए हर वर्ष पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

यह संघर्ष 8 घंटे का काम, 8 घंटे आराम व 8 घंटे मनोरंजन व मजदूरों के लिए सुरक्षा कानून बनाने वास्ते अमेरिका के शिकागो शहर में 1886 में शुरू हुआ था। जब मजदूर अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलन कर रहे थे तो मालिकों की शह पर पुलिस ने गोलियां चलाई, तब कई महिला-पुरुष मजदूर शहीद हो गए तथा सैकड़ों की संख्या में घायल हो गये। उस आंदोलन में 6 मजदूर नेताओं को फांसी की सजा हुई। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजदूर इक_ हुए और संघर्ष करके मजदूरों की सुरक्षा के कानून न्यूनतम वेतन, पैंशन, भविष्य निधि व ग्रेच्युटी व पक्के रोजगार का कानून बनवाए। मजदूरों के संगठन व संघर्ष के बल पर पूरी दुनियां में मजदूरों के हित में कानून बने। आज पूंजीपति वर्ग ने कुर्बानियां देकर जो अधिकार मजदूरों ने हासिल किए थे, उनको समाप्त किया जा रहा है और यूनियन बनाने व हड़ताल करने के अधिकार को भी समाप्त कर दिया गया है।

माकपा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जो मजदूरों के अधिकार समाप्त किए है, उन सरकारों का विरोध करती है और 29 कानूनों को खत्म किया है, उनकी बहाली की मांग करती है।



## न्यूज डायरी



### मॉडल संस्कृति विद्यालय की प्राचार्या हुई सेवानिवृत

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या संतोष भाकर सेवानिवृत हो गई। उनकी सेवानिवृति पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह सहित विद्यालय परिवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राचार्या ने अपने पद पर रहते हुए विद्यालय को शिक्षा क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य किया है। वहीं प्राचार्य आनंद शर्मा ने बताया कि प्राचार्या संतोष भाकर का कार्य सराहनीय रहा है। वहीं प्रवक्ता सुनील कुमार, सत्यवान, महेन्द्र अत्री सहित समूचे स्टाफ द्वारा बताया कि संतोष भाकर द्वारा विद्यालय में शिक्षा क्षेत्र के साथ साथ हर गतिविधियों को अव्वल बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा की है। वहीं प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि समूचे विद्यालय परिवार का सहयोग कभी भुलाया नहीं जा सकता।



### संदीप वधवा को सेवानिवृति पर किया सम्मानित

**भिवानी।** गांव पालुवास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में एलीमेंट्री स्कूल हेड मास्टर एवं विज्ञान अध्यापक संदीप वधवा को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया और भावपूर्ण विदाई दी। वधवा ने अपने 35 वर्षों के शिक्षण अनुभव में से 31 वर्ष राजकीय सेवा में समर्पित किए। उन्होंने 21 फरवरी 1995 को अपनी सरकारी सेवा की शुरुआत की तथा प्रारंभिक नियुक्ति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाबढाणी में रही। इसके पश्चात उन्होंने 19 वर्षों तक धारेड़, फिर प्रेम नगर, प्रमोशन के बाद पैंतावासकलां और पिछले 4 वर्षों से पालुवास सहित विभिन्न विद्यालयों में अपनी सेवाएं दीं। समारोह का संचालन करते हुए प्रवक्ता दीपमाला शर्मा ने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान वधवा ने विज्ञान विषय को रोचक एवं व्यावहारिक बनाने में विशेष योगदान दिया। उन्होंने वर्ष 1991 में हरियाणा सामान्य ज्ञान पर अपनी पहली पुस्तक लिखी थी।

### चौ बंसीलाल कॉलेज में वरिष्ठ स्वयंसेवकों को दी विदाई

**लोहारू।** चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित विदाई समारोह में वरिष्ठ स्वयं सेवकों को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, छात्र छात्राओं ने प्रतिभा के रंग बिखेरे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना दो वर्षों की अवधि में विद्यार्थियों के नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों के विकास हेतु संचालित की जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 3.5 करोड़ स्वयंसेवक इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जो इसकी व्यापकता को दर्शाता है।



## अंश मिस्टर व वर्तिका मिस फेयरवेल बनी

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी मेमोरियल महाविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह लम्हें का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातक स्तर पर अंश को मिस्टर फेयरवेल व वर्तिका को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं, स्नातकोत्तर स्तर पर साहिल को मिस्टर फेयरवेल व प्रियंका को मिस फेयरवेल चुना गया। निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने विजेताओं को सम्मानित किया। शुक्रवार को संस्थान के स्वामी विवेकानंद सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान निदेशक एवं जीडीसी मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिन्हा मुख्यातिथि रहे। वहीं, बीआरसीएम सीईटी के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार शर्मा, ज्ञानकुंज प्राचार्य राजेश झाझरिया, शिशुकुंज प्राचार्य संदीप टंडन, ज्ञानकुंज उपप्राचार्य सरस्वती दीक्षित, वित्त अधिकारी आदित्य मिड्ढा विशिष्ट अतिथि रहे। विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी व राजस्थानी संस्कृति पर आधारित मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थी के लिए विदाई समारोह अपने संस्थान व साथियों के साथ बिताए पलों को भावुकता से याद रखने का अवसर होता है।

## मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी संग नपा प्रधान व सचिव ने साइक्लोथन में लिया भाग

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में नगर पालिका द्वारा मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी ऋषभ, नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री एवं नगर पालिका सचिव संदीप गर्ग की उपस्थिति में नगर पालिका कार्यालय से शहीद गुलाब सिंह पार्क तक साइक्लोथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देना रहा। साइक्लोथन में नगर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम एवं खेल गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर कस्बे के खेल जगत से जुड़े युवाओं कोच विक्रम, दिनेश बॉक्सिंग कोच, कबड्डी कोच अनिल कुमार, मास्टर चंद्रेश एवं पूर्व पार्षद गजेंद्र कौशिक, देवेन्द्र ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।



## बैठक में एचपीवी टीकाकरण को लेकर मंथन

**बवानीखेड़ा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए मंगलवार को सीएचसी जमालपुर में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पीएचसी पूर के प्रभारी डॉ. ईशान और एसडीएच बवानीखेड़ा के प्रभारी डॉ. विनय यादव ने की। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम शामिल हुई। इनमें स्वास्थ्य निरीक्षक प्रेम कुमार, सुलोचना, कृष्ण, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र, सुनीता, कविता मीना कुमारी के साथ-साथ सभी आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। डॉ. ईशान ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी, महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है। समय पर टीकाकरण से इस जानलेवा बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को वैक्सीन की दो डोज लगाई जा रही हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित और असरदार है। डॉ. विनय यादव ने फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करें और टीकाकरण के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करें। स्कूलों में विशेष कैंप लगाकर पात्र किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा।

## राजकीय आईटीआई भिवानी में रोजगार मेला 12 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में 12 मई को प्रात 9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर, वायरमैन, वेल्डर और कारपेंटर व्यवसाय से पास हुए व अध्ययन कर रहे लड़के-लड़कियां भाग ले सकते हैं। आईटीआई भिवानी के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में एशियन आटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड रोहतक, यूनो मिंडा इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड फरुखनगर गुरुग्राम, इग्नू इंडिया प्राइवेट प्रोडक्शन लिमिटेड बावल रेवाड़ी के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगे। आईटीआई पास छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष तक हो वह भाग ले सकते हैं। वर्ग अनुदेशक वीरेंदर व शिक्षुता अनुदेशक अमरदीप मलिक ने आईटीआई पास छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में हिस्सा लेकर लाभ उठाने की अपील की है।

## बिजली पेंशनर्ज की मासिक बैठक आयोजित

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक जिला प्रधान बाल मुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में सबरबन डिविजन कार्यकारी अभियंता कार्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव आरके चावला ने किया। बैठक में अधिकारियों के अड़ियल रवैये के प्रति रोष प्रकट किया। क्योंकि बार-बार एजेंडे देने के बावजुद भी पेंशनर्ज के कार्य नहीं हो रहे। बैठक में फैसला लिया गया कि शीघ्र ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मण्डल निगम के अधिकारियों से संपर्क करेगा और पेंशनर्ज के रूके हुए कार्यों को करवाएगा। बैठक में प्राप्त शिकायतों का समाधान संबंधित अधिकारियों से मिलकर करवाया जाए। बैठक के दौरान निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें पेंशनर्ज व उनके परिजनों के लगभग 50 लोगों की आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर अनेक पेंशनर्ज उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, शेर सिंह पुत्र श्री सुभाषचन्द पुत्र श्री अगड़ी निवासी गांव अलाउदीनपुर, तहसील लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री मंजू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**समस्या** शिक्षा विभाग में कर्मचारियों पर लगातार बढ़ रहा वर्क लोड

# डिप्टी से सुपरिटेंडेंट बने पदोन्नति के इंतजार में कई अधिकारी हुए रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों पर लगातार वर्क लोड बढ़ रहा है और पदोन्नति के अवसर न के बराबर है। सुपरीटेंडेंट के मात्र 45 पद स्वीकृत है, जिनमें से 22 पद खाली थे और 17 डिप्टी सुपरिटेंडेंट को सुपरिटेंडेंट पदोन्नतकिया है। शिक्षा विभाग फील्ड कर्मी प्रमोशन सहित अन्य लम्बित मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। गत दिनों उपप्रधान सचिव मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के साथ सचिवालय चंडीगढ़ में सर्व कर्मचारी संघ संबंधित हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता मीटिगं हुई, जिसमें सहमति बनी कि नियमों में छूट देकर सभी खाली पदों पर एक महीने में पदोन्नति कर दी जाएगी। प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान, महासचिव हितेंद्र सिहाग, कोषाध्यक्ष मुकेश खरब व सदस्य पारस कौशिक ने बताया कि डिप्टी सुपरिटेंडेंट को पदोन्नत कर सुपरिटेंडेंट बनाया है, उनमें पांच और डिप्टी सुपरिटेंडेंट को सुपरिटेंडेंट पदोन्नत किया जाए। प्रमोशन के इंतजार में काफी कर्मी रिटायर हो गए हैं। समय पर पदोन्नति न करना विभाग का दोष हैं, इसके बावजूद निर्दोष कर्मचारियों को को सजा दी जा रही हैं, जो न्याय संगत नहीं हैं, जिसे हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।



भिवानी। डिप्टी सुपरिटेंडेंट से सुपरिटेंडेंट पदोन्नत होने वाली लिस्ट दिखाते हेमसा राज्य प्रधान संदीप सांगवान।

### ये पदाधिकारी हुए पदोन्नत

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के राज्य प्रधान संदीप सांगवान ने बताया कि डीईओ सोनीपत के डिप्टी सुपरिटेंडेंट यशपाल मलिक को बतौर सुपरिटेंडेंट डीईओ पलवल कार्यालय में नियुक्ति दी गई हैं। इसी प्रकार डीईओ पलवल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट रणसिंह को डाइट डिंग सिरसा में सुपरिटेंडेट, डीईओ करनाल की डिप्टी सुपरिटेंडेंट संतोष शर्मा को डीईओ यमुनानगर में सुपरिटेंडेंट, डीईईओ कैथल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट नरेश कुमार को डाइट मताना फतेहाबाद में सुपरिटेंडेंट, डीईओ हिसार के डिप्टी सुपरिटेंडेंट बलदेव सिंह को डाईट मलाब नूंह में सुपरिटेंडेंट, डीईईओ हिसार के डिप्टी सुपरिटेंडेंट संजीव कुमार को सुपरिटेंडेट डाइट मात्रश्याम हिसार, डीईओ करनाल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट गुलशन कुमार को सुपरिटेंडट डाइट पाली फरीदाबाद, डीईईओ रोहतक के डिप्टी सुपरिटेंडेंट मंजीत सिंह को सुपरिटेंडेंट डाईट बिरहीकलां दादरी, डीईईओ जींद के डिप्टी सुपरिटेंडेंट वजीर सिंह को सुपरिटेंडेंट डाइट जनौली पलवल, डीईओ गुरुग्राम की डिप्टी सुपरिटेंडेंट अनीता कुमारी को डीईओ फरीदाबाद में सुपरिटेंडेंट, डीईओ रेवाड़ी के डिप्टी सुपरिटेंडेंट सतीश कुमार को डीईओ रेवाड़ी में सुपरिटेंडेंट, डीईओ नारनौल (महेंद्रगढ़) के डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुदेश कुमार को डीईओ फतेहाबाद में सुपरिटेंडेंट, डीईओ रोहतक के डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुरेन्द्र सिंह को डीईओ भिवानी में सुपरिटेंडेंट, डीईओ करनाल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुरेश कुमार को डीईओ अंबाला में सुपरिटेंडेंट, डीईईओ नारनौल (महेंद्रगढ़) के डिप्टी सुपरिटेंडेंट मुकेशचंद को डीईओ सिरसा को सुपरिटेंडेंट, डीईओ झज्जर को डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुरेश कुमार सोनी को डीईओ नारनौल (महेंद्रगढ़ ) को सुपरिटेंडेंट, डीईईओ पंचकुला के डिप्टी सुपरिटेंडेंट जगबीर सिंह को डाइट मोहड़ा अम्बाला में सुपरिटेंडेट पदोन्नत कर स्टेशन अलॉट किए गए हैं।

हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

## पांच राज्यों में मतदान होते ही महंगाई ने तोड़ी आम आदमी की कमर : शक्ति सिंह

**लोहारू।** कांग्रेस लीगल सैल के जिला चेयरमैन एडवोकेट शक्ति सिंह गाढ़ा ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतदान प्रक्रिया संपन्न होते ही सरकार ने कमर्शियल और घरेलू पांच किलो गैस वाले सिलेंडर के दाम बढ़ाकर आम आदमी कमर तोड़ने का काम किया है। शक्ति सिंह गाढ़ा ने बताया कि 5 राज्यों में मतदान होते ही सरकार ने देश की जनता को महंगाई का बड़ा झटका दिया गया है। कमर्शियल सिलेंडर और 5 किलो वाले 'छोटू' सिलेंडर की कीमतों में भारी वृद्धि की है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा वहीं 5 किलो का छोटा सिलेंडर, जिसे मजदूर वर्ग द्वारा अधिक उपयोग किया जाता है, उसकी कीमत बढ़ाकर श्रमिक दिवस पर महंगाई का तोहफा दिया गया है।










### खबर संक्षेप

#### मांगों को लेकर सौंपा उपनिदेशक को ज्ञापन

**भिवानी।** वेटनरी सर्विस एसोसिएशन की भिवानी जिला इकाई ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक को अपनी विभिन्न ज्वलंत मांगों एवं तकनीकी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसो. के जिला प्रधान परमानंद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत से मुलाकात की, जिसमें वीएलडीए और विभाग के अन्य कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर अत्यंत सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष के साथ जिला उपप्रधान शुभम राव, कोषाध्यक्ष दीपक, सब डिविजन प्रधान अशोक एवं हर्ष सिवान भी साथ रहे। एसोके जिला प्रधान परमानंद ने कर्मचारियों के समक्ष आ रही तकनीकी बाधाओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने टीकाकरण अभियान के दौरान आधार कार्ड को ओटीपी के माध्यम से लिंक करने और फोटो अपलोड की अनिवार्यता पर चिंता जताई।

#### चार जिलों के साथ पहले स्थान पर पहुंचा दादरी

**चरखी दादरी।** दादरी जिला ने एक बार फिर से पूरे प्रदेश में एक मिसाल कायम की है। संसाधनों की कमी के बावजूद जिला समाधान शिविर में आई शिकायतों के निपटारे के मामले में चार अन्य जिलों के साथ पहले स्थान पर आ गया है। दादरी अब करनाल, फतेहाबाद, यमुनानगर व कैथल के साथ 98 प्रतिशत समस्याओं का समाधान करने वाले जिला में शामिल हो गया है। उपायुक्त मुनीश नागपाल ने इसके लिए जिला के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

#### अभिभावक बच्चों का सहयोग करें: डॉ. आशु

**बवानीखेड़ा।** बीके वमावि, बवानी खेड़ा में नर्सरी से दूसरी कक्षा के अभिभावकों के लिए 'पेरेंटिंग प्रोग्राम' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने और उन्हें आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों के लिए तैयार करने के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर डॉ. आशु जैन ने बतौर स्त्रोत वक्ता विचार साझा किए।

#### हनुमान जोहड़ी मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर किया नमन

**भिवानी।** महात्मा बुद्ध की जयंती बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस समारोह में ना केवल बुद्ध के सिद्धांतों को याद किया गया, बल्कि समाज कल्याण के लिए एक नए संकल्प की शुरुआत भी हुई। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग की नवनियुक्त चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण और महंत चरणदास ने महात्मा बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

### दि रेजिडेंट्स वेलफेयर एसो. का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला

# अधूरी व टूटी सड़कों के निर्माण समेत अन्य समस्याएं उठाईं

डीसी ने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों में कमी नहीं आने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शहर के प्रमुख रिहायशी इलाकों सेक्टर 13 और सेक्टर 23 की सुलगती समस्याओं को लेकर दि रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भिवानी उपायुक्त के समक्ष रखी। इस दौरान एसोसिएशन के प्रधान (आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त) रामकिशन शर्मा के नेतृत्व में सेक्टरवासी डा. फूल सिंह धनाना, सतबीर कौशिक व रामधन जांगड़ा भी मौजूद रहे। बता दे कि शुक्रवार को भिवानी के डीआरडीए हॉल में उपायुक्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आरडब्ल्यूए की मीटिंग ली तथा समस्याएं सुनी। इस दौरान दि रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सेक्टर-13 व 23 से संबंधित विभिन्न समस्याएं रखी। इस मौके पर रामकिशन शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन ने उपायुक्त के समक्ष सेक्टरवासियों की वे मूलभूत समस्याएं रखी हैं जो लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य सेक्टर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाना है। उपायुक्त का रवैया बेहद सकारात्मक रहा और उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि सैक्टर के कई मकानों के नंबर पुराने होने के कारण मिट चुके हैं या हट गए हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि सभी मकानों पर स्टील की नई नंबर प्लेट लगवाई जाएं ताकि आगंतुकों और डाक सेवाओं को सुविधा हो।

#### बड़ी मशीनों से की जाए सफाई

उनका कहना है कि वर्ष 2004 की तर्ज पर बड़ी मशीनों से सफाई हो ताकि जलभराव की स्थिति पैदा न हो। इसके अलावा वर्षा के पानी की उचित निकासी सुनिश्चित करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने एसोसिएशन को भरोसा दिलाया कि सेक्टर 13 और 23 की इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि वे उपरोक्त समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कई बार उपायुक्त से गुहार लगा चुके है। यहां तक कि कष्ट निवारण समिति में भी इन मुद्दों को उठा चुके है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद एक बार फिर से उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा तथा अबकी बार भी उपायुक्त ने आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा कि गर्ल्स स्कूल के सामने और वरिष्ठ नागरिक क्लब तक की अधूरी व टूटी सडक़ों के निर्माण की मांग की गई है। विशेष रूप से सिटी स्टेशन से भगत सिंह चौक तक की सडक़ की मरम्मत को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। सैक्टर-13 स्थित वरिष्ठ नागरिक क्लब की हालत जर्जर है। यहां न तो सुरक्षा के लिए चौकीदार है और न ही दरवाजों की स्थिति ठीक है। क्लब में रंग-रोगन और मरम्मत की तत्काल आवश्यकता है ताकि बुजुर्ग वहां सम्मानपूर्वक समय बिता सकें। भगत सिंह चौक से सिटी रोड पर स्थित मीट की दुकानों को वहां से हटाने की मांग की गई है, जिससे आवागमन में बाधा होती है और स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आगामी मानसून को देखते हुए सीवर की मशीनों द्वारा गहन सफाई की मांग की गई है।

# जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

- 23 पैराशूट बटालियन के सेवानिवृत्त सैनिकों का 15वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देते पूर्व सैनिक। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय सेना की सर्वश्रेष्ठ सेना इकाइयों में उच्च स्थान प्राप्त 23 पैराशूट बटालियन के सेवानिवृत्त सैनिकों द्वारा अपनी यूनिट का 15वां स्थापना दिवस शुक्रवार को गांव बधवाना में मनाया गया। सेलिब्रेशन समारोह में बटालियन के कई पूर्व अधिकारी, कनिष्ठ अधिकारी और सेवानिवृत्त सैनिक उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता रिटायर्ड कर्नल कौशलेंद्र सिंह और रिटायर्ड सूबेदार मेजर राधेश्याम साहब ने की। जन चेतना विकास मंच के जिला अध्यक्ष एवं शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. विजय सांगवान मन्दोला बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बटालियन के जांबाज सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## जिला की पंचायतों व आंगनबाड़ी को मिलेंगे भारत नेट कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके भारत नेट परियोजना की समीक्षा की और परियोजना को लेकर बीएसएनएल के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निःशुल्क नेट कनेक्शनों को शीघ्र दिया जाए व उनकी स्पीड सही हो ताकि ग्रामीण क्षेत्र में पढने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई ठीक से कर सके। सरकार के निर्देशों के अनुसार योजना के वर्तमान चरण के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी से अब निजी कंपनियों को भी इस नेटवर्क के संचालन और रख-रखाव की जिम्मेदारी दी जा रही है ताकि अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी मिले। इसका लक्ष्य केवल ग्राम पंचायत तक नहीं, बल्कि गांव के हर घर और संस्थान जैसे आंगनबाडी, स्कूल, अस्पताल तक फाइबर कनेक्शन पहुंचाना है।

#### कौशल प्राप्त कर छात्रों के पूरे हो रहे सपने

**चरखी दादरी।** दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम आते ही आज का युवा हाथ के हुनर यानी कौशल परक शिक्षा की तरफ देखता है। ऐसे युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान यानी आईटीआई में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक कोर्स अच्छा विकल्प हैं। आईटीआई से कौशल प्राप्त कर छात्र अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं। ये उद्गार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावलधी के प्रधानाचार्य ने व्यक्त किए।

## झरवाई गांव में फुटबाल खेल नर्सरी के लिए ट्रायल में 25 उभरते सितारों का चयन



**भिवानी।** अतिथियों के साथ चयनित खिलाड़ी।

- चयनित खिलाड़ी गांव की आने वाली खेल पीढ़ी की नींव : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में गांव झरवाई के फुटबॉल ग्राउंड में खेल नर्सरी के लिए ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ट्रायल प्रक्रिया के माध्यम से 8 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के 25 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया गया है। ट्रायल का आयोजन खेल कोच जगत, गांव की सरपंच कमला देवी और सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। सुबह से ही मैदान पर खिलाड़ियों की भीड़ जुटने लगी थी, जो अपनी किक और ड्रिबलिंग कौशल से चयनकर्ताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे।

## डीसी ने पिलाया लोगों को नींबू पानी

- बस स्टैंड पर किया कृपाल रूहानी मिशन की निःशुल्क वॉटर स्टॉल सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** बस अड्डे पर कृपाल रूहानी मिशन आश्रम की निःशुल्क वॉटर स्टॉल सेवा का शुभारंभ अवसर पर लोगों को पानी पिलाते उपायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

डीसी साहिल गुप्ता ने बस स्टैंड पर कृपाल रूहानी मिशन आश्रम की निःशुल्क वॉटर स्टॉल सेवा का शुभारंभ किया। डीसी ने इस दौरान लोगों को अपने हाथ से स्वयं नींबू पानी पिलाया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के दौरान पेयजल की सेवा करना पुण्य का काम है।

उन्होंने कहा कि साधन संपन्न लोगों और संस्थाओं को जल सेवा में आगे आना चाहिए। इस दौरान डीसी ने बस स्टैंड परिसर में सफाई व्यवस्था, स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन और हैप्पी कार्ड जारी करने की सेवाओं का निरीक्षण किया। डीसी ने कहा कि गर्मी के मौसम के दौरान पानी की किल्लत होना स्वाभाविक है। पानी की एक-एक बूंद की कीमती है।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान कृपाल रूहानी मिशन आश्रम से अजमेर सिंह, हेमंत, योगेश, सुरेंद्र, सुंदर, अमित भारद्वाज, सचिन भारद्वाज, सौरभ भारद्वाज, भावना, पूनम, शकुंतला भंडारी, विमला व कांता आदि उपस्थित रही।

## सामान किट लेकर घर-घर जाकर गणना कार्य में जुटे कर्मचारी



**भिवानी।** जनगणना-2027 को लेकर डीसी साहिल गुप्ता ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य भारत सरकार के निर्देशानुसार सही ढंग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों के आधार पर ही सरकार द्वारा भविष्य की योजनाएं निर्धारित की जाएंगी। वहीं दूसरी ओर जनगणना में नियुक्त कर्मचारी जरूरी सामान की किट लेकर गणना कार्य में जुटे और घर-घर जाकर मकानों व जरूरी जानकारी लेनी शुरु की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना करने का 30 अप्रैल को अंतिम दिन था। एक मई से घर-घर जाकर मकानों की सूचीकरण व मकानों की गणना कार्य शुरु हो गया है, जो 30 मई तक किया जाएगा। गणना में लगे कर्मचारी किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही ना बरतें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएगी।

#### सीजेएम ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई

**भिवानी।** प्रत्येक व्यक्ति को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए कानूनी जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन डीआर. चालिया के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव पवन कुमार ने एडीआर सेंटर परिसर से जागरूकता मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल वैन के माध्यम से जिला में कानूनी जागरूकता अभियान चलाकर विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी जाएगी। कानूनी जागरूकता शिविरों का संचालन पैनल अधिवक्तागण व पैरा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा किया जाएगा।

**उपलब्धि** जिलेभर में खुशी का माहौल, क्षेत्र में महिला नेतृत्व को मिली मजबूती

# भिवानी के गागड़वास की बेटी तृप्ति श्योराण हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन बनीं

- हरियाणा को-ऑपरेटिव बैंक भिवानी के सहायक प्रबंधक रहे स्वर्गीय हरिपाल की बेटी हैं तृप्ति
- गांव, लोहारू हलके सहित पूरे जिलेभर में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए तृप्ति श्योराण को हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन नियुक्त किया हैं। तृप्ति भिवानी जिले के लोहारू हलके के गांव गागड़वास निवासी हरियाणा को-ऑपरेटिव बैंक भिवानी के सहायक प्रबंधक रहे स्वर्गीय हरिपाल श्योराण की बेटी हैं। तृप्ति की नियुक्ति पर परिवार, गांव, लोहारू हलके सहित पूरे जिलेभर में खुशी का माहौल हैं। तृप्ति की नियुक्ति को बाल अधिकारों की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। उल्लेखनीय हैं कि तृप्ति श्योराण का जन्म 19 अगस्त 1989 में हरिपाल श्योराण के घर पुष्पा देवी की कौख से हुआ।



हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण।

#### तृप्ति ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

तृप्ति को हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन नियुक्त करने पर परिवार, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोगों ने इसे सकारात्मक पहल बताया और उन्हें नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी हैं। क्षेत्रवासियों का मानना है कि तृप्ति की नियुक्ति से बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, शिक्षा एवं कल्याण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य होंगे, ये नियुक्ति महिला नेतृत्व एवं सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने वाली पहल है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन बच्चों के अधिकारों की रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए होता हैं। तृप्ति भिवानी में चाइल्ड वेलफेयर काउंसिल में कार्यक्रम अधिकारी रह चुकी हैं। तृप्ति ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल व कैबिनेट श्रुति चौधरी का आभार जताया। उल्लेखनीय हैं कि उक्त पद पर प्रवीन जोशी थी, जो फरीदाबाद से चुनाव जीतकर मेयर बनी है, उन्हीं के स्थान पर तृप्ति को नियुक्ति मिली हैं।

#### जनगणना कार्य के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**लोहारू।** उपमंडलाधीश मनोज दलाल ने लोहारू सब डिवीजन में जनगणना 2027 के प्रथम चरण को संपन्न करवाने के लिए लोहारू उपमंडल में स्थित 78 गांव को 247 जनगणना ब्लॉक में और लोहारू नगर पालिका क्षेत्र को 29 सेंसस ब्लॉक में बांटा है। जनगणना कार्य के लिए स्थानीय सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। एसडीएम ने बताया कि जनगणना 2027 का पहला चरण 1 मई से शुरू किया गया है तथा अनेक शिक्षक जनगणना के लिए तैनात किए गए हैं। उन्होंने सभी प्रगणक को व सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि वह अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं समयबद्ध तरीके से करें।

## खबर संक्षेप

### शास्त्री पार्क के सामने से मोटरसाइकिल चोरी

**लोहारू।** लाल बहादुर शास्त्री पार्क के सामने से दिन दहाड़े अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। लोहारू में निजी केयर कंपनी के मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि उसने अपनी बाइक शास्त्री पार्क सामने कंपनी के कार्यालय के सामने खड़ी की थी लेकिन बाद में देखा तो बाइक गायब थी। सतीश की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### 32 गांवों की बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**लोहारू।** दो मई शनिवार को लोहारू 132 केवी बिजली घर से चलने वाले सभी फीडर बंद रहेंगे तथा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली निगम एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि शहर के 132 केवी बिजली घर में एलटी लाइन पर मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

### 5.60 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार



**तोशाम।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी की टीम ने थाना तोशाम क्षेत्र से व्यक्ति को मादक पदार्थ हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। भिवानी के उपनिरीक्षक अमरजीत सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पिंजोखरा रोड, खानक पहाड़ की ओर व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन लेकर घूम रहा है और उसे बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने तुरंत बताए गए स्थान पर छापा मारकर व्यक्ति को काबू किया। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 5.60 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई। आरोपी की पहचान अंशुल निवासी राजीव नगर, धक्का बस्ती, तोशाम जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### जुआ खेलने के मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ-II भिवानी की टीम ने गांव रिवासा में दुकान में ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेलते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-II भिवानी के उपनिरीक्षक बलजीत सिंह की टीम ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर गांव रिवासा स्थित तोशाम रोड पर मल्टी ब्रांड दुकान में छापा मारकर आरोपियों को ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान प्रवीण , रवि , मैनपाल , बिजेंद्र I, अनिल कुमार , राजेश , बजरंग , मुकेश , सुखबीर व लीला गांव रिवासा के रूप में हुई है।

हड़ताल के पहले दिन जिले में शहरी सफाई व्यवस्था और सीवर रखरखाव ठप

# नपा कर्मचारी संघ ने भरी हुंकार, नगर निकायों में हड़ताल शुरू, नारेबाजी की

सफाई कर्मियों ने प्रदेश सरकार पर लगाया वादा खिलाफी व कर्मचारी विरोधी होने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर प्रदेश की तमाम नगरपालिकाओं, नगर परिषदों और नगर निगमों के हजारों कर्मचारी वीरवार से दो दिवसीय टूल-डाउन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के पहले दिन जिले में शहरी सफाई व्यवस्था, सीवर रख रखाव और कार्यालयी कामकाज पूरी तरह ठप रहा। कर्मचारियों ने सरकार की भेदभावपूर्ण नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शहरों में रोष प्रदर्शन किया।

कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी पूर्ण रूप से हड़ताल पर रहे तथा स्थानीय नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफ व कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने कहा कि सरकार व संघ के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी हैं, लेकिन मानी गई मांगों को धरातल पर लागू नहीं किया जा रहा। वर्ष 1997 से 2026 तक सफाई और सीवर कर्मचारियों की कोई पक्की भर्ती नहीं की है। ठेका प्रथा को समाप्त करने के बजाय सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के नाम पर कर्मचारियों को छला है, जब तक हमारी 22 सूत्रीय मांगों का समाधान नहीं होता, आंदोलन रुकने वाला नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हड़ताल केवल वेतन वृद्धि के लिए नहीं, बल्कि कर्मचारियों के आत्मसम्मान और सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में दैनिक वेतन भोगी और अनुबंधित कर्मचारियों के लिए दो वर्ष की पॉलिसी बनाकर उन्हें पक्का किया जाए, सफाई, सीवर और फायर ब्रिगेड जैसे जोखिम भरे कार्यों में लगे कर्मचारियों को पांच हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता दिया जाए, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और ग्रेच्युटी का लाभ मिले, पुरानी पेंशन बहाली, बढ़ती आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से पिछले 40 वर्षों से नए पद सृजित नहीं किए गए हैं, जिन्हें तुरंत भरा जाए आदि है।

#### हड़ताल हो सकती है अनिश्चितकालीन

दानव ने चेतावनी दी कि दो मई तक सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो संघ हड़ताल को अनिश्चितकालीन काम छोड़ो हड़ताल में बदलने का निर्णय ले सकता हैं। उन्होंने हड़ताल से जनता को होने वाली असुविधा के लिए सीधे तौर पर हरियाणा सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये को जिम्मेदार ठहराया। दानव ने कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आठ अप्रैल से ही हड़ताल पर हैं। नगर पालिका कर्मचारी संघ ने उनकी मांगों का पुरजोर समर्थन करता है तथा मांग करता है कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों (रणवीर और भवीचन्द) को शहीद का दर्जा देने, उनके परिवारों को 1-1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की मांग की।

इस अवसर पर जयहिंद, नरेश, प्रवीण, रमेश, मालती, बाला, मनीषा, अमित, भारत, रमेश कांडा, प्रीतम, राकेश, राजबीर, जोनी, कर्मफल, सुरेंद्र, भतेरी, रवि, नीलम, आशा, शीला आदि मौजूद रहे।



भिवानी। बैठक के दौरान विरोध जताते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जनगणना ड्यूटी पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यालय में जिला प्रधान भूपेन्द्र चाहर की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसका संचालन जिला महासचिव सुमित शर्मा ने किया। बैठक में शिक्षकों व विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं व समाधान पर विचार-विमर्श किया। जिला मुख्यालय सलाहकार नाहनूराम व राज्य सहसचिव शोभित सिंह ने कहा कि जनगणना के कार्य में जिले के आधे से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के शत-प्रतिशत शिक्षण स्टाफ की ड्यूटी लगा दी है, केवल जिला प्रशासन यहां तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे भी आगे इन प्राथमिक शिक्षकों के मूल विद्यालय से 25 से 30 किलोमीटर दूर कार्यरत स्थान जनगणना के आवंटित किए गए है, जो न्याय संगत नहीं हैं।

चाहर ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित होने जा रहा है। इस प्रकार विद्यालय से दूर जनगणना की ड्यूटी लगाने का संगठन पुरजोर विरोध करता है। शिक्षकों को उनके विद्यालय के नजदीक जनगणना कार्य दिया जाए। संघ के वरिष्ठ उपप्रधान मास्टर हरीश व कोषाध्यक्ष संजय जांगड़ा ने बताया कि मिड डे मील वर्तमान परिदृश्य पर हरियाणा एग्रो की निम्न श्रेणी के राशन की सप्लाई पर भी विरोध जताया तथा राज्य स्तरीय मुद्दों पर चर्चा की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ उपप्रधान मास्टर हरीश गौच्छी, वरिष्ठ शिक्षक आजाद खुशहाल, लोहारु खंड प्रधान अनूप जांगड़ा, तोशाम खंड प्रधान संजय बुशान, सिवानी खंड प्रधान बलबीर पूनिया, बवानी खेड़ा प्रधान सुनील दत्त, कैरु खंड प्रधान सुरेश धारवानबास, बहल खंड सचिव राजेश पूनिया, अरुण कुमार, नरेश कैरू, संजय चावला व कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। नागरिक अस्पताल में रोष प्रदर्शन करते स्वास्थ्य विभाग के एचकेआरएन कर्मचारी।

## एचकेआरएन कर्मियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

■ कर्मियों के हक को दबाने की कोशिश कर रही सरकार व प्रशासन: दीपक

पूरा देश मजदूर दिवस पर श्रमिकों के अधिकारों का जश्न मना रहा था, वहीं शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मियों के लिए मजदूर दिवस का दिन संघर्ष, शोषण और आक्रोश का प्रतीक बन गया है। लगभग चार माह (3 महीने और 19 दिन) से अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई का इंतजार कर रहे कर्मचारियों का सब्र अब पूरी तरह जवाब दे चुका तथा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एचकेआरएन कर्मचारियों ने बकाया वेतन न मिलने के कारण शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में हरियाणा कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले एक घंटे का जोरदार रोष प्रदर्शन किया। एचकेआरएन कर्मचारियों का आरोप था कि उन्हें अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर और जनवरी के 19 दिन का वेतन अभी तक नहीं मिला है। यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान दीपक तंवर ने कहा कि वे लगातार अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि विभाग ने तुरंत प्रभाव से एचकेआरएन कर्मचारियों का बकाया वेतन जारी नहीं किया, तो ये रोष प्रदर्शन बड़े और उग्र आंदोलन का रूप ले लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुमेर आर्य, ब्लॉक प्रधान अशोक गोयत, कामरेड ओमप्रकाश, सुखदेव, लोकेश, अनुप कोंटिया, कामरेड रवि खन्ना ने समर्थन दिया। इस अवसर पर प्रवीण बड़ेसरा, कर्मवीर, राजकुमार, अजीत, नवीन, संदीप, बिजेंद्र, राखी, पूनम, सोनिया आदि मौजूद रहे।

## भिवानी-धुरी पैसेंजर ट्रेन का विस्तार अमृतसर स्टेशन तक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

■ रेल संख्या 14653-14654 में अतिरिक्त डिब्बे बढ़ाने की मांग की

व्यापारियों व दैनिक रेल यात्रियों ने सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात करते हुए मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए मुकेश कुमार, संजय सिंह, जयपाल, हरिसिंह, रामकुमार, ओमप्रकाश आदि ने कहा कि भिवानी से पंजाब के लिए वर्तमान में प्रतिदिन केवल एक ही सीधी रेलगाड़ी है।

यह रेल गाड़ी धुरी जंक्शन तक जाती है। इस ट्रेन में हरियाणा, राजस्थान एवं पंजाब के श्रद्धालु, व्यापारी वर्ग, आम यात्री, भारतीय सेना के जवान एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में होते हैं। जिससे अत्यधिक भीड़ के कारण उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रेल संख्या 54631 भिवानी-धुरी पैसेंजर के अतिरिक्त, भिवानी से लुधियाना, जालंधर, ब्यास एवं अमृतसर के लिए कोई भी सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। इस रूट पर यात्रियों को बहुत सारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। जिसमें बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्गों को बहुत परेशानी होती है। इस रेल का विस्तार अमृतसर स्टेशन तक किया जाए ताकि इस रूट के यात्रियों को सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त रेलगाड़ी संख्या 14653 व 14654 हिसार-अमृतसर एक्सप्रेस में डिब्बों की संख्या कम होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा होती है। यह रेल रात्रि 23:55 बजे हिसार से प्रस्थान करती है जिसमें वर्तमान में केवल 5-6 सामान्य डिब्बे एवं एक स्लीपर कोच है जो बढ़ती हुई यात्री संख्या के लिए पर्याप्त नहीं है। भिवानी एवं रेवाड़ी के आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राधा स्वामी सतसंग ब्यास सत्संग में भाग लेने हेतु तथा श्री हरमंदिर साहब स्वर्ण मंदिर के दर्शनार्थ अमृतसर जाते हैं। इसके अतिरिक्त व्यापारी वर्ग लुधियाना, जालंधर एवं अमृतसर की यात्रा नियमित रूप से करता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि रेल संख्या 54631 भिवानी-धुरी पैसेंजर को अमृतसर तक किया जाए।

### सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी की द्वितीय वार्षिक परीक्षा संपन्न

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (नियमित/मुक्त विद्यालय) एवं गुरूकुल/विद्यापीठ (पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक) की दो बार परीक्षा आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने बताया कि द्वितीय वार्षिक परीक्षा के तहत सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी की परीक्षाएं 21 अप्रैल से संचालित करवाई गई थी, जोकि शुक्रवार को संपन्न हुई हैं। इन परीक्षाओं में परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दो पर्यवेक्षकों को कार्यभार मुक्त किया गया। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में जिलास्तर पर 22 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए। इन परीक्षाओं में लगभग 6298 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। ज्ञात रहे कि ऐसे सभी नियमित तथा मुक्त विद्यालय परीक्षार्थी जो वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2026 में प्रविष्ट हुए थे लेकिन अपनी दी गई परीक्षा से संतुष्ट नहीं थे तथा जो परीक्षार्थी अपरिहार्य कारणों जैसे गंभीर बीमारी/चोट/खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता इत्यादि परिस्थितियों के कारण वार्षिक परीक्षा में प्रविष्ट नहीं हो पाए थे, ऐसे परीक्षार्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया था।

## बुद्ध पूर्णिमा पर खरककलां में गूंजा अप्प दीपो भव का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



बुद्ध पूर्णिमा पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जनकल्याण समिति ने गांव खरककलां में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष सूबेदार धर्मवीर सिंह ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को आधुनिक समाज के लिए प्रासंगिक बताते हुए मानवता के कल्याण का आह्वान किया। इस अवसर पर बहादुर सिंह, डा. रविंद्र मेहरा, धर्मवीर दुकानदार, जय किशन चोपड़ा, जयबीर मेहरा, कृष्ण लाल, नवीन, सागर, सुरेंद्र मेहरा, नरेश आदि मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष सूबेदार धर्मवीर सिंह ने कहा कि गौतम बुद्ध के सत्य, अहिंसा, करुणा एवं समानता के संदेश आज भी संपूर्ण मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने बुद्ध के धम्म सिद्धांतों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा था, ताकि हर व्यक्ति सम्मान और समानता के साथ जी सके। आज हमें बुद्ध के अप्प दीपो भव (अपना दीपक स्वयं बनें) के मंत्र को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

विधायक ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से 51 दिन पहले किया योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ

# योगासन व प्राणायाम को अपना रह सकते हैं स्वस्थ : विधायक

70 आयुष योग सहायकों को दिया गया है योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। योग दिवस पर योगा प्रोटोकॉल का शुभारंभ करते विधायक घनश्याम सर्राफ।

जिला आयुष अधिकारी कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक घनश्याम सर्राफ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विधिवत रूप से 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर से 51 दिन पहले योगा प्रोटोकॉल का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए और दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योगासन व प्राणायाम से निरोग रहा जा सकता। स्वस्थ रहने के लिए हमें योगासन व प्राणायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

विधायक सर्राफ ने कहा कि योग करने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और शरीर लचीला बनता है। आज की भागदौड़ की जिंदगी में योग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि दवाइयों पर पैसे खर्च करने की बजाय नियमित रूप से योग करें। उन्होंने आयुष विभाग को कार्यक्रम के लिए बधाई दी और कहा कि आयुष विभाग जनहित में लोगो के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान जिला योग कॉर्डिनेटर एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय वैद ने कहा कि सभी 70 आयुष योग सहायकों को हरियाणा योग आयोग एवं सरकार के निर्देशानुसार योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दे दिया गया है। वे आज से अपने अपने कार्यक्षेत्र में योग व्यामशालाओं, स्कूल, कॉलेज व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को देंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार ने सभी योग प्रशिक्षकों को और कार्यक्रम में शामिल सभी अधिकारी कर्मचारी एवम आम जन को योग से जुड़ी बारीकियों को बताया और इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि सभी को योग प्रोटोकॉल अभ्यास नियमित रूप से करना चाहिए ताकि योग का लाभ प्राप्त किया जा सके।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जनवरी माह से फ़रवरी माह तक चलाए गए सूर्य नमस्कार अभियान में विशेष कार्य करने वाले योग प्रशिक्षक कविता अहलावत, गजानंद शास्त्री एवं प्रमोद सिंह को विशेष पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा योग सहायक नरेश, मदन, पुष्पा सुरेंद्र, मनजीत, नीलम, कृष्ण, मनीषा, सीमा, मनेश, राजेश, किताब, अनूप, प्रिय और पूनम देवी को सम्मानित किया गया। सूर्य नमस्कार अभियान में आयुष विभाग भिवानी ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। कार्यकम में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ हरविंदर राणा, डॉ प्रीति शर्मा एवम आयुष विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिजली निगम ने 23 जगह मारे छापे चोरी पकड़ी और जुर्माना लगाया

**बहल।** दक्षिण हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ने अप्रैल में लाइन लॉस के आधार पर कार्रवाई करते हुए 23 जगह छापेमारी कर चोरी पकड़ी और उन पर 3,63,000 रुपये जुर्माना लगाया। निगम के एसडीओ ऋषभ कुमार ने बताया कि बहल निगम क्षेत्र में बहल कस्बे के अलावा करीबन तीन दर्जन गांव शामिल हैं। निगम ने बिजली चोरी रोकने के लिए पांच टीम का गठन किया था। कनिष्ठ अभियंता सोमबीर सिंह, कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार ,कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता सुरेश, कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार को अलग अलग टीम का इंचार्ज बनाया गया। सभी पांच टीमों ने क्षेत्र में 23 जगहों पर चोरी पकड़ी और उन पर 3,63,000 रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना राशि में 3,39,000 रुपये की वसूली भी निगम ने की। कनिष्ठ अभियंता सोमवीर सिंह व विजय कुमार ने बताया कि जो लाइन लॉस होता है, निगम का उसके प्रति टारगेट होता है और उसी को मध्यनजर रखते हुए क्षेत्र में लाइनलॉस रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926